# कार्यालय,कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC (जलग्रहण प्रकोष्ठ),
## जिला – धमतरी ( छ0ग0 )
## विज्ञापन

क्रमांक / 4381 / IWMP / कृषि / 2022–23 धमतरी, दिनांक 16 .11.2022

छ0ग0 शासन, कृषि विकास एंव किसान कल्याण तथा जैव प्रौघोगिकी विभाग मंत्रालय महानदी भवन,नवा रायपुर, अटल नगर 492002 के पत्र क्रमांक **1900 / एफ–02 / 04 / WDC-2.0/2015/14-2 रायपुर दिनांक 28.09.2022** के निर्देशानुसार भारत सरकार, भूमि संसाधन विभाग, नई दिल्ली के पत्र क्रं. / F.No.11011/5/2022-WDC 2.0/ Chhattisgarh दिनांक 20 / 01 / 2021 द्वारा छत्तीसगढ राज्य हेतु वाटरशेड सचिवों की नियुक्ति करने की अनुमति प्रदान की गई है, के परिपालन में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना– जलग्रहण विकास घटक–2.0 (PMKSY-WDC-2.0) अंतर्गत वर्ष 2021–22 में जिलें के मगरलोड विकासखंड में स्वीकृत परियोजना अंतर्गत माईक्रोवाटरशेड सचिवों की अधोवर्णित पदों व उनके सम्मुख दर्शाए विवरण अनुसार संविदा नियुक्ति संबंधित निर्देश **क्रं. / एफ–9–1 / 2004 / 1 / 3 दिनांक 28.07.2004 के तहत् एक वर्ष की संविदा नियुक्ति** हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता,विशेष योग्यता सहित वांक्षनीय अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से **दिनांक 28.11.2022** को सायं 05:30 बजें तक संपूर्ण योग्यता एवं अनुभव आदि प्रमाण पत्रों सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए जाते है।

| क. | स्वीकृत पद | पद संख्या | एकमुश्त वेतमान | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | संविदा नियुक्ति के तहत चयन हेतु मेरिट अंक का निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सचिव<br>माइक्रोवाटरशेड स्तर<br>आरक्षण<br>माइक्रो का नाम –<br>शुक्लाभाठा – मुक्त (म.)–01<br>बोडरा – मुक्त (म.)–01<br>भोथीडीह – मुक्त (म.)–01<br>रांकाडीह – मुक्त–01<br>खैरझिटी – अ.जा.–01<br>गिरौद – मुक्त–01<br>सौंगा – मुक्त–01<br>बैलोदी – अ.जा.–01<br>धौंराभाठा – अ.जा.(म.)–01<br>मोतिमपुर – अ.जा.–01 | 10 | 5000 / –<br>एकमुश्त | 1. 12वी पास। माइक्रो वाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम / ग्राम पंचायत का निवासी एवं कम्प्यूटर में अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी।<br>2. माइक्रो वाटरशेड के अंतर्गत आने वाले ग्रामों का नाम<br>1.शुक्लाभाठा(आमाचानी,गाडाडीह, शुक्लाभाठा )<br>2.बोडरा<br>3.भोथीडीह (चारभाठा,कमरौद,भोथीडीह, सांकरा) 4.राकाडीह, 5.खैरझिटी (अरौद,खैरझिटी) 6.गिरौद 7.सौंगा (हरदी, सौंगा) 8.बैलोदी 9.धौराभाठा (भोथा,कुण्डेल,धौराभाठा) 10.मोतिमपुर | 01. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक Weightage देते हुए– 85<br>01. न्यूनतम 01 से 02 वर्ष तक का अनुभव–05<br>02. 05 वर्ष तक का अनुभव– 10<br>03. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव–15 |

### नियम व शर्तें :–

01. प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन समिति द्वारा सूक्ष्म जांच कर नियमानुसार मेरिट सूची अनुसार चयन किया जावेगा।
02. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें)
03. आवेदन बंद लिफ़ाफे में उप संचालक कृषि जिला–धमतरी वाटरशेड प्रकोष्ठ रूम नं.–59 में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से 25.11.2022 तक कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक स्वीकार किए जायेगें । समय –सीमा पश्चात एवं व्यक्तिगत रूप से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
04. लिफाफे के उपर पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्प्ष्ट उल्लेख किया जावें, आवदेन त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण होने पर निरस्त किया जावेगा।
05. संविदा नियुक्ति सामान्यतः 01 वर्ष की होगी। WCDC आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का गोपनीय प्रतिवेदन द्वारा आंकलन कर सेवा वृद्धि का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी। नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताए सेवा समाप्त की जा सकती है।

क्रमशः.....

06. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में न्यूनतम 18 एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिये। अ.जा., अ.ज.जा, पिछड़ा वर्ग एवं महिला उम्मीदवार को राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुरूप आयु में छुट की पात्रता होगी।
07. अ.जा., अ.ज.जा., पिछड़ा वर्ग जाति की पुष्टि में आवेदक को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
08. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।
09. शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थी को नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. यह संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन एफ–91/2004/113 रायपुर दिनांक 28.07.2004 द्वारा जारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2004 के अधीन होगी।
11. विज्ञापित पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
12. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में नियोक्ता अधिकारी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।
13. विस्तृत नियम–शर्तें एवं आवेदन पत्र प्रारूप कलेक्ट्रेट कार्यालय धमतरी के सूचना पटल एवं धमतरी के वेबसाइट www.dhamtari.gov.in पर देखा जा सकता है।

कलेक्टर सह अध्यक्ष,
जलग्रहण प्रकोष्ट सह डाटा केन्द्र
(WCDC)
जिला–धमतरी (छ.ग.)

| स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो स्वयं का हस्ताक्षर |
|---|

# सचिव (संविदा) नियुक्ति हेतु...
# आवेदन पत्र

प्रति,

**उप संचालक कृषि,**
**जिला – धमतरी**

1. आवेदित पद का नाम (स्पष्ट उल्लेख करें) : ..........................................
2. आवेदक का नाम : ..........................................
3. पिता/पति का नाम : ..........................................
4. वर्ग (अना./अजा/अजजा/अपिवर्ग) : ..........................................
5. लिंग (पुरूष/महिला) : ..........................................
6. जन्म तिथि : ..........................................
7. आयु (01.01.2022 के अनुसार) : वर्ष ——— माह ——— दिन ———
8. स्थायी पता : ..........................................
..........................................
..........................................
9. पत्र व्यवहार का पता : ..........................................
..........................................
..........................................
10. दूरभाष क्रमांक (यदि कोई हो) : ..........................................

11. शैक्षणिक योग्यता :

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | वर्ष | परीक्षा परिणाम | | | | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

12 अनुभव– संस्था का नाम ——————————————————

पद का नाम ——————————————————

| | |
|---|---|
| अनुभव की अवधि – | |
| अनुभव का कार्यक्षेत्र – | |

13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन ..........................................
रोजगार कार्यालय का नाम ..........................................

टीप – जाति, मूलनिवासी, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता अन्य चाही गई योग्यता अनुभव, व्यावसायिक योग्यता, प्रशिक्षण एवं अन्य प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।

## घोषणा पत्र

मै घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक से पूर्णतः सत्य है। इसमें से कोई जानकारी गलत/असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा, तथा मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताये मेरे आवेदन/चयन/नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा ।

स्थान ———

दिनांक ———

आवेदक के हस्ताक्षर
( आवेदक क पूरा नाम )

संलग्न प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की सूची

1. ——————
2. ——————
3. ——————